सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के०पी०सिंह देव) : (क) और (ख) दूरदर्शन के पास जशपुरनगर शहर में एक अति अल्प शक्ति टी० वी० ट्रांसमीटर स्थापित करने के लिए अनुमोदित स्कीम हैं। दिसम्बर, 1993 में स्कीम को मंजूरी दी गई थी । स्थापना कार्य प्रगति पर है और शीघ्र ही परियोजना के चालू किए जाने की आशा है । आकाशवाणी के पास जशपुरनगर शहर में आकाशवाणी रिले केन्द्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है क्योंकि यह रांची स्थित 100 कि०वा० मी०वे० ट्रांसमीटर वाले प्रथम श्रेणी रेडियो कवरेज क्षेत्र के अंतर्गत आता है ।

(ग) माननीय सदस्य और कु० पुष्पा सिंह, सांसद सहित विभिन्न भागों से अनुरोध प्राप्त हुए हैं । दूरदर्शन ने उक्त प्रस्ताव पर विचार किया है और उपरोक्त (क) तथा (ख) में दिए अनुसार कार्रवाई की है । इस जिले के पर्याप्त रेडियो कवरेज को दृष्टिगत रखते हुए, आकाशवाणी ने इस प्रस्ताव को व्यावहारिक नहीं पाया है ।

Functioning of Doordarshan

4424. SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn towards a news item published in the AIR and Doordarshan Engineers' Association news bulletin of January, 1995 under the heading "Neither as IAS nor an IBPS".

(b) if so, the reaction thereto, particularly about the need of a full time Director (General) for the Doordarshan by replacement of the present acting Director General;

(c) the reasons for failure to hold DPC's for all IBES cadres; and

(d) the reasons for booking outside producers for production and other activities by the Acting Director-General?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (a) Yes, Sir.

(b) An Additional Secretary in the Ministry of Information and Broadcasting is holding the current charges of the post of Director General, Doordarshan in addition to his own duties and this arrangement is working satisfactorily.

(c) Holding of DPCs in various grades of IB(E)S is a continuous process and action is taken from time to time to ensure timely convening of DPCs.

(d) Doordarshan engages outside producers to encourage talent available in the country outside Doordarshan and to supplement in-house production in order to meet the enormous requirement for the extended sevices of Doordarshan.

प्रधानमंत्री द्वारा की गई विदेश यात्राएं

4425. **श्री राजनाथ सिंह:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जनवरी, 1993 से अब तक की अवधि के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा कुल कितनी और किन-किन देशों की यात्रा की गई है तथा इस संबंध में देश-वार ब्यौरा क्या है :

(ख) प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं में उनके साथ जाने वाले सभी प्रेस संवाददाताओं के नाम क्या-क्या हैं और वे किन-किन समाचार पत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं ;

(ग) प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं के दौरान उनके साथ जाने वाले पत्रकारों अथवा प्रेस के प्रतिनिधियों का चयन करने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है ; और